नई दिल्ली
नई दिल्ली, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2019
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 212
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 34.1
न्यून. 19.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

9
जरीन की मैरीकॉम से मुकाबले की मांग



विचार पेज
08 गरीबी पर सार्थक शोध




HONDA
The Power of Dreams
सच कर देंगे सपने
हौंडा का पहला BS-VI टू व्हीलर Activa 125
एक शांत क्रांति
eSP टेक्नोलॉजी के साथ
eSP
ENHANCED SMART POWER
13% अधिक
पेश है होंडा का विश्वस्तर पर प्रशंसित एनहांस्ड स्मार्ट पावर (eSP) वाला नया Activa 125 BS-VI जिसमें साईलेंट स्टार्ट और एक इको-फ्रेंडली इंजन के साथ आपको मिलती है ज्यादा पावर और ज्यादा फ्यूल एफिशिएंसी।
फुल मेटल बॉडी और सेगमेंट में सबसे पहले ढेरों फीचर्स इसे बनाते हैं एक शांत क्रांति।
सेगमेंट में पहली बार
ACG के साथ साइलेंट स्टार्ट
अतिरिक्त विशेषताएं
बिलकुल नया
ACTIVA 125
HET BS-VI
Follow us on
होंडा है HONDA

नई दिल्ली
नई दिल्ली, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2019
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 212
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 34.1
न्यून. 19.2

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9
जरीन की मैरीकॉम से मुकाबले की मांग

विचार पेज
08 गरीबी पर सार्थक शोध




## खबर संक्षेप

### चिदंबरम से हिरासत में पूछताछ के लिए ईडी को इजाजत दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को 24 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने ईडी को चिदंबरम से पूछताछ की इजाजत दे दी और साथ ही चिदंबरम को ईडी की हिरासत के दौरान घर के बने खाने, पश्चिमी शौचालय और दवाओं के इस्तेमाल की अनुमति दी।

### बांग्लादेशी सैनिक की गोलीबारी में बीएसएफ जवान की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर गुरुवार को हुई 'फ्लैग मीटिंग' के दौरान एक बांग्लादेशी सीमा गार्ड द्वारा एके-47 राइफल से चलाई गयी गोली बीएसएफ के एक जवान हेड कांस्टेबल विजय भान सिंह की मौत हो गई। और एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश' के जवानों की हरकतों के कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख वी के जौहरी ने इस संबंध में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मेजर जनरल शफीनुल इस्लाम से हॉटलाइन पर बात की।

### नीरव मोदी को जेल में ही रहना होगा, अगली पेशी 11 नवंबर को होगी



**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को 11 नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में रखने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। हिरासत की नियमित सुनवाई के लिए लंदन की जेल से वीडियो लिंक के जरिए अदालत में उसकी पेशी हुई। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत की न्यायाधीश नीना तेम्पिया ने पुष्टि की कि मोदी के प्रत्यर्पण मामले में सुनवाई अगले साल 11 से 15 मई के बीच होनी है और उसे हर 28 दिन में अंतिम समीक्षा सुनवाई के लिए वीडियो लिंक के जरिए पेश होना होगा।

## 'भाजपा की कार्यशक्ति व विपक्ष की स्वार्थ शक्ति के बीच चुनावी लड़ाई'

**अनुच्छेद 370 को हटाने की आलोचना करने वालों के बयान इतिहास में होंगे दर्ज: मोदी**

एजेंसी ▶▶ बीड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने का विरोध करने वालों के बयान इतिहास में दर्ज होंगे। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के पास वैसे लोगों को दंडित करने का मौका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा नीत गठबंधन 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा। मोदी ने महाराष्ट्र के बीड जिले के परली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगले हफ्ते होने वाले विधानसभा के चुनाव भाजपा की 'कार्यशक्ति' और विपक्ष की 'स्वार्थ शक्ति' के बीच की लड़ाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे आप और आपकी देशभक्ति पर भरोसा है कि आप देश के हितों के खिलाफ बोलने वालों को बेहतरीन सबक सिखाएंगे।



### पीएम मोदी का तंज, बोले- 1 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने में लगे 60 साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को तीन रैलियां कीं। उनकी पहली रैली बीड के परली में, दूसरी सतारा और तीसरी पुणे में हुई। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला और पीएम मोदी ने कहा कि 2007 में देश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन हुई थी। फिर साठ साल बाद 2 ट्रिलियन हुई, लेकिन चार साल में अर्थव्यवस्था में जो सुधार हुआ है, उसके बल पर हम 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था वाला भारत बनाएंगे। हमारे लिए 5 ट्रिलियन डॉलर केवल एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि 130 करोड़ भारतीयों के सपनों से जुड़ी शपथ है। उन्होंने कहा कि जितनी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी, उतनी तेजी से हम गरीबी को हरा पाएंगे।

### 'भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर साल गिर रही है विकास दर'

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने गुरुवार को कहा कि 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी तक पहुंचने की कोई उम्मीद नहीं है। इसके लिए सालाना 10-12 फीसदी ग्रोथ की जरूरत होगी, लेकिन भाजपा के कार्यकाल में साल दर साल विकास दर में गिरावट आ रही है। महाराष्ट्र चुनाव के सिलसिले में मुंबई पहुंचे मनमोहन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐसा कहा। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान का जवाब देते हुए कहा कि सरकार समस्याओं का समाधान तलाशने की बजाय विपक्षियों पर आरोप लगाने की आदत से मजबूर है। सीतारमण ने बुधवार को कहा था कि मनमोहन सिंह और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के समय सरकारी बैंक सबसे बुरे दौर में थे।



### 'कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने का समर्थन किया'

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस को किसी से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 हटाने के पक्ष में वोट दिया लेकिन जिस उद्धत तरीके से इसे किया गया उसका विरोध किया।

**ऑड-ईवनः नियम तोड़ने पर 4 हजार का जुर्माना**

## दूसरे राज्यों की गाड़ियों पर भी होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अन्य राज्यों के सीएम को ऑड-ईवन से छूट दी, केजरीवाल ने खुद को इसके दायरे में रखा

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूनीफॉर्म में स्कूली बच्चों को ले जाने वाले निजी वाहनों को सम-विषम योजना से छूट मिलेगी। यह योजना चार नवंबर से 15 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भीषण वायु प्रदूषण को देखते हुए यह योजना लागू की जा रही है। केजरीवाल ने पत्रकारों को बताया कि इसमें दूसरे राज्यों की गाड़ियों भी दायरे में आएंगी। योजना के तहत दोपहिया वाहनों को छूट मिलेगी। नियम उल्लंघन पर 4,000 रुपये के जुर्माने का दंड होगा। इसी तरह उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों को ऑड-ईवन से बाहर रखा, लेकिन अपनी सरकार के मंत्रियों को इससे किसी प्रकार की छूट नहीं दी है।

### दिल्ली सरकार किराए पर लेगी 2 हजार सीएनजी बसें

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने चार नवंबर से शुरू होने वाली ऑड-ईवन योजना के दौरान दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 2,000 सीएनजी बसों को किराए पर लेने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 2,000 अतिरिक्त बसों को चलाने की मंजूरी दी गई। इस कदम से डीटीसी और दिल्ली एकीकृत बहुस्तरीय परिवहन प्रणाली (डीआईएमटीएस) द्वारा चलाई जाने वाली सार्वजनिक परिवहन बसों की संख्या बढ़कर 5,500 हो जाएगी।

**भाजपा-जदयू के बीच चल रही मतभेद की अटकलों को शाह ने नकारा**

## गठबंधन मजबूत, नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- गठबंधन में हमेशा से ही कुछ न कुछ मनमुटाव रहा है, इसे अच्छा मानदंड माना जाना चाहिए बस मतभेद को मनभेद में नहीं बदलना चाहिए : शाह

भाजपा के अध्यक्ष अमित शाह ने बिहार में सत्तारूढ़ भाजपा-जदयू के बीच किसी भी प्रकार का मतभेद होने से इंकार करते हुए घोषणा की कि दोनों दलों का गठबंधन 'अटल' है, अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव दोनों दल साथ मिलकर लड़ेंगे। शाह का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राज्य में भाजपा व जदयू के बीच मतभेद की अटकलें लग रही थीं। यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। यह पूरी तरह से स्पष्ट है। उनसे पूछा गया था कि क्या अगले साल बिहार में होने वाले विस चुनाव भाजपा अकेले लड़ने पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि कई मुद्दों पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार की भाजपा नेता गिरिराज सिंह एवं कुछ अन्य पार्टी नेता आलोचना करते रहे हैं।

**दिल्ली के चिड़ियाघर का मामला**

## शेर के पिंजरे में कूदा युवक कर्मियों ने सुरक्षित निकाला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चिड़ियाघर में गुरुवार को एक आदमी शेर के बाड़े में कूद गया। चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शेर को बेहोश कर उस आदमी को बचा लिया। चिड़ियाघर सूत्रों ने कहा कि यह घटना दोपहर करीब 12:30 बजे हुयी। सूत्रों ने बताया कि बिहार के चंपारण जिले का मूल निवासी रेहान खान नशे में था। चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार रेहान खान को कोई चोट नहीं पहुंची है और ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

**23 सितंबर को स्पाइजेट विमान को घेरने की हुई थी नापाक हरकत**

## एफ-16 ने किया था भारतीय विमान का पीछा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के फाइटर जेट एफ-16 ने नई दिल्ली से काबुल जा रहे स्पाइसजेट के विमान का अपनी हवाई सीमा में करीब एक घंटे तक पीछा किया। ये घटना 23 सितंबर की है। स्पाइसजेट विमान में 120 यात्री सवार थे। यह घटना पिछले महीने प्रकाश में आई जिसमें काबुल के लिए उड़े स्पाइस जेट विमान का पाकिस्तानी फाइटर प्लेन ने तकरीबन एक घंटे तक पीछा किया। भारत का यह कमर्शियल विमान तब हवा में था। उसके पीछे पड़े दो एफ-16 विमानों ने स्पाइस जेट के पायलट से विमान कुछ नीचे लाने और फ्लाइट की पूरी डिटेल देने को कहा। यह घटना तब हुई जब पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने एयरस्पेस को बंद नहीं किया था।



### नई दिल्ली से काबुल जा रहा था विमान

एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पाइस जेट के पायलट ने एफ-16 के पायलट से कहा कि यह भारतीय व्यावसायिक विमान स्पाइस जेट है जो यात्रियों को लेकर काबुल जा रहा है।

### गलती मान पाक पायलट ने एस्कॉर्ट किया विमान

डीजीसीए एक अधिकारी ने बताया कि भ्रम दूर होने के बाद पाकिस्तानी फाइटर प्लेन एफ-16 ने अफगानिस्तान की सीमा तक स्पाइसजेट विमान का एस्कॉर्ट किया। एक यात्री ने कहा कि जब एफ-16 विमान बगल में मंडरा रहे थे, स्पाइस जेट के यात्रियों को खिड़की बंद कर लेने और शांति बनाए रखने को कहा गया। बाद में 5 घंटे की देरी से स्पाइस जेट काबुल एअरपोर्ट पर उतरा और यात्रियों ने राहत की सांस ली।



**खबर संक्षेप**

### जेनरेटर की बॉडी में शराब भरकर बिहार ले जाते धरे

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने बुधवार रात को अवैध तरीके से बिहार ले जाई जा रही 90 पेटी शराब जब्त की। शराब जेनरेटर की बॉडी में भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस उपाधीक्षक नगर पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सेक्टर 10 की लाल बत्ती के पास कैंटर को जांच के लिए रोका। कैंटर में जेनरेटर की दो बॉडी रखी हुई थीं। शक होने पर पुलिस ने जब जेनरेटर की बॉडी को चेक किया तो उसमें 90 पेटी अरुणाचल प्रदेश मार्का अंग्रेजी शराब मिली।

### टीबी खोज अभियान में अब तक 79 मरीज मिले

**गाजियाबाद।** दस अक्टूबर से शुरू किये गए टीबीखोज अभियान में अब तक 79 मरीज मिले हैं जिनमें जिला जेल में भी तीन मरीजों की पुष्टि हुई है। अभियान 23अक्टूबर तक चलाया जायेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने बताया, 10 अक्टूबर से एसीएफ शुरू किया गया है जिसमें क्षय रोग विभाग की में घर-घर जाकर टीबी के मरीजों को खोज रही हैं टीबी के लक्षण पाए जाने पर बलगम टैस्ट कराया जाता है व टैस्ट में टीबी के पुष्टि होने के साथ उपचार शुरू कर दिया जाता है। क्षय रोग विभाग की टीमों ने जिला कारागार डासना में भी अभियान चलाया। अभियान के दौरान डासना जेल में तीन टीबी के मरीज मिले हैं। पहले सप्ताह में जनपद में टीबी के 79 नए मरीज मिले हैं।

### तिवारी ने छठ मैया का गीत भी सुनाया

# राजेश नागर के लिए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के प्रचार के लिए वीरवार को शिव एंक्लेव, बसंतपुर रोड पर पहुंचे। उन्हें देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उनकी जनसभा में पहुंची।

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के शिव एंक्लेव, संडे बाजार, बसंतपुर रोड पर आयोजित सभा में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में बहुत विकास किया है। तिगांव में भी काफी विकास हुआ है। लेकिन ये विकास कुछ भी नहीं है। जिस तरह आप लोगों ने नगर निगम में भाजपा के पार्षद जिताएं है और लोकसभा में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से एक लाख से भी अधिक मतों से कृष्णपाल गुर्जर को जीता कर भेजा है। उसी तरह से राजेश नागर को भी जीता कर भेजना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का इंजन, लोकसभा का इंजन और तिगांव का भी इंजन जब इस में जुड़ जाएगा तो यहां का विकास तीन गुना अधिक हो जाएगा। उन्होंने यहां पर भोजपुरी भाषा में भी लोगों से वोट की अपील की और छठ मैया का गीत भी सुनाया।



- शिव एंक्लेव, बसंतपुर रोड पर तिवारी को सुनने पहुंची भारी भीड़
- भोजपुरी भाषा में लोगों से की वोट की अपील
- मनोहरलाल ने हरियाणा में बहुत विकास किया, तिगांव में अभी काफी कुछ होना है बाकी

**तिगांव विस में भोजपुरी वोटरों का है दबदबा**

सनद रहे की तिगांव विधानसभा क्षेत्र के दिल्ली से लगते वार्ड नंबर 22, 23, 24 व 25 में भोजपुरी समाज के मतदाता भारी संख्या में रहते हैं जो तिगांव विधानसभा के कुल वोटों में बराबर भी भागीदारी रखते हैं। मनोज तिवारी के यहां पहुंचे से इन वोटों पर काफी असर पड़ेगा।

**साथ रहे स्थानीय भाजपा नेता**

इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक पंडित टेकचन्द शर्मा, पार्षद अजय बैंसला, जितेन्द्र यादव उर्फ़ बिल्लू पहलवान, लोकसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व पार्षद ओमप्रकाश रैक्सवाल, रवि भड़ाना बसंतपुर मौजूद थे।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश दबोचा, पूर्व विधायक ने दिया पुलिस को इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



- पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश अस्पताल में भर्ती

इंदिरापुरम पुलिस ने बुधवार की देर रात में वसुंधरा इलाके से मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से बदमाश घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दबोचे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर 25हजार का ईनाम घोषित था। वहीं खेकड़ा के पूर्व विधायक रूप चौधरी ने रात में ही बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 11 हजार रुपये का चेक बतौर इनाम दिया।

बदमाश के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल, लूट के मोबाइल दो फोन व अवैध तमंचा बरामद हुआ है। एसपी सिटी मनीष मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस देर रात 12/14 वसुंधरा के पास समय त्यौहार के मद्देनजर चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए और पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया गया पर नही रुके तथा भागते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया, पुलिस पार्टी की जवाबी फायरिंग में बदमाश शिवा पुत्र वीरू निवासी उठरावली थाना चांदपुर जनवाद बुलंदशहर हाल- लाल कुआं थाना कविनगर, गाजियाबाद गोली लगने से घायल हो गया व दूसरा बदमाश पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर उपचार के अस्पताल में भर्ती किया गया है। गिरफ्तार बदमाश थाना इंदिरापुरम के लूट के दो मामलों में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### ट्रांसपोर्टरों ने की भाजपा से विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए दिल्ली के टांसपोर्टरों ने चुनावी मैदान में उतरने के लिए कमर कसना शुरू कर दिया है। बकायदा इसके लिए दिल्ली के ट्रांसपोर्ट संगठन दिल्ली गुडस ट्रांसपोर्ट आर्गेनाईजेशन ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेड़कर, हरदीप सिंह पुरी व नित्यानंद राय को पत्र लिखा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेद्र कपूर ने लिखा, व्यापरी की तरह ट्रांसपोर्टर भी अहम भूमिका रखते है। इसलिए दिल्ली के आगामी विस चुनाव में व्यापारी वर्ग की तरह ही कुछ उम्मीदवार ट्रांसपोर्ट के लोगों को भी बनाया जाए। कपूर ने लिस्ट भी भेजी है जिसमें संभावित उम्मीदवारों के नाम भेजे है। जिसमें देवराज बवेजा, रमेश खन्ना, सतीश गर्ग, विजय पाल, नरेश सांभर, अशोक सूरी और विपिन आहूजा शामिल है।

**सागरपुर में सैलूनकर्मी की कैंची घोंपकर की थी हत्या**

# 142 मामलों में शामिल 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी-पश्चिमी जिले के सागरपुर में सैलूनकर्मी की हत्या में वांछित 50 हजार के इनामी बदमाश जोगिन्द्र उर्फ जोगा (37) को उड़ीसी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 142 मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस ने उसकी पत्नी संगीता को भी पकड़ा है। आरोपी ने जेल से बेल पर छूटने के 24 घंटे के अंदर एक शख्स का कत्ल कर दिया था। इसके बाद वह परिवार के साथ अंडरग्राउंड हो गया था। पुलिस मामले में पहले ही आरोपी की मां, भतीजे व भांजे को गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी देवेन्द्र आर्या ने बताया जोगिन्द्र सागरपुर थाने का घोषित बदमाश है व मां, बहनों का भी अपराधिक रिकॉर्ड है। जोगिन्द्र पर हत्या, लूट, झपटमारी, डकैती, चोरी जैसे केस थे। कई केस में वह दोषी साबित हो चुका है। 12 जुलाई को जेल से बेल पर आया था। अगले ही दिन उसने हत्या कर डाली। आरोपी घर पर था, जहां इलाके के सैलून कर्मी ने उससे गाली-गलौच की दी। इसके बाद आरोपी ने परिवार के लोगों की मदद से शाहरुख उर्फ अहमद राजा की आंख और सिर पर कैंची से कई वार कर हत्या कर दी थी। 10 अक्टूबर को पुलिस कोरापूट उड़ीसा पहुंची, फोन डीलर से पुलिस को आरोपी का सुराग मिला। पुलिस ने दुकान के पास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की, जिसमें एसयूवी कार नजर आई। वह उसी गाड़ी से दुकान पर आता था। पुलिस की जांच गाड़ी पर केंद्रित हो गई। 15 अक्टूबर की शाम पांच बजे आखिरकार आरोपी को दबोच लिया गया।

## बाइक सवार ने झपटा पत्रकार से फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यू अशोक नगर इलाके में बाइक सवारों ने पत्रकार का फोन लूट लिया। पीड़ित का नाम शेखर सिंह (32) है। पुलिस ने शेखर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, शेखर परिवार, मैदान गढ़ी, छतरपुर में सपरिवार रहता है। वह एक अंग्रेजी दैनिक अखबार में पत्रकार है। बुधवार रात करीब 8:30 बजे वह घर लौट रहा थे। जैसे ही वह न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे। इसी दौरान वह फोन पर बात करने लगे। तभी बाइक सवारों ने उनका फोन झपट लिया व मौके से फरार हो गए।

## गगन विहार में शराब का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

आबकारी टीम ने बुधवार की रात में साहिबाबाद थाना क्षेत्र के गगन विहार में छापा मारकर देसी शराब का जखीरा बरामद किया है, शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी अधिकारी मुबारक अली ने गुरुवार की सुबह को बताया की सेक्टर -पांच की आबकारी निरीक्षक हेमलता रंगन्नानी की टीम ने साहिबाबाद थाना पुलिस के साथ मिलकर गगन विहार रिहायशी इलाके में छापा मारा, शराब तस्कर जीनू पुत्र सतपाल को गिरफ्तार कर लिया व उसके कब्जे से 43 पेटी असली संतरा अवैध देशी शराब फॉर सेल इन हरियाणा बरामद की गई। जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है। शराब तस्कर काफी समय से इस काम को कर रहा था। जो कि हरियाणा से शराब की तस्करी कर एनसीआर क्षेत्र में लाकर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। आबकारी निरीक्षक हेमलता रंगन्नानी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया व शराब तस्कर को जेल भेजा गया है।




**खबर संक्षेप**

### एटीएम मशीन में टैंपरिंग करते धरा पूर्व हेड कांस्टेबल

**नई दिल्ली।** जनकपुरी पुलिस ने दिल्ली पुलिस के पूर्व हेड कांस्टेबल को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के एटीएम में टैंपरिंग करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रवि कुमार मीणा (37) है। उसके पास से 2 लाख रुपए कैश, 61 क्लोन एटीएम कार्ड, 7 मोबाइल, एक लैपटॉप, 14 पासबुक बरामद की है। डीसीपी दीपक पुरोहित ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब 11.50 बजे जनकपुरी थाने में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के हेडक्वार्टर मुंबई से पुलिस को कॉल आई थी। जिसमें बताया गया था कि जनकपुरी डिस्ट्रिक सेंटर के पास एटीएम में एक शख्स जिसने लाल कुर्ता व पेंट पहनी है, मशीन से टैंपरिंग कर रहा है। वह बार-बार कार्ड डालकर रुपये निकाल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो वहां एक शख्स बताए हुए हुलिया के मुताबिक मिला। पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** मौर्या एंक्लेव थाना इलाके में बाइक सवार तीन दोस्त सड़क हादसे की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने शिवकांत (27) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में घायल दीपक और अमर सिंह का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शिवकांत के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। सूत्रों की माने तो हादसे के दौरान तीनों ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था वे शराब के नशे में धुत थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यालय खाली कराने का आदेश वापस लेने की मांग

**नई दिल्ली।** माकपा ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ का कार्यालय खाली कराने की निंदा करते हुये जेएनयू प्रशासन से इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। माकपा पोलित ब्यूरो ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि जेएनयू प्रशासन का यह आदेश निर्वाचित छात्रसंघ के दमन का जीता जागता प्रमाण है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले सत्र के लिये निर्वाचित छात्रसंघ की इकाई को भी अधिसूचित नहीं किया था। इस साल भी छात्रसंघ चुनाव की न्यायिक जांच के बावजूद छात्रसंघ को अधिसूचित नहीं किया गया है। पोलित ब्यूरो ने कहा कि यह सब विवि परिसर में लोकतांत्रिक गतिविधियों को रोकने की कवायद का परिणाम है।

### संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली संस्कृत अकादमी की तरफ से गुरुवार को स्नातक स्तरीय एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता समारोह का आयोजन किया। पंजाबी बाग स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय पंजाबी बाग दिल्ली में हुए इस समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. साधना शर्मा ने किया। इस अवसर परअकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट भी मौजूद रहे।

रोहिणी और द्वारका का मामला, कई हथियार मिले

# स्पेशल सेल ने अलग-अलग एनकाउंटर में दबोचे दो बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली





स्पेशल सेल की बुधवार देर रात और गुरुवार तड़के रोहिणी और द्वारका एरिया में बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इसमें दो शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े है। दोनों को गोली लगी है। द्वारका मुठभेड़ में पकड़े गये बदमाश का नाम प्रिंस तेवतिया (29) है। वह नंदू गैंग का सहयोगी बताया जाता है। इस दौरान अलवर, राजस्थान निवासी उसका साथी प्रमोद फरार होने में कामयाब रहा। प्रिंस की निशानदेही पर पुलिस ने दो पिस्टल, कारतूस और खोखे जब्त किए हैं। वहीं बुधवार देर रात को रोहिणी में हुई मुठभेड़ में राज कुमार उर्फ रावण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक पिस्टल, कारतूस बरामद हुये है। आरोपी पर लूट और झपटमारी के 18 केस दर्ज थे। डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार सूचना मिली थी कि अंबेडकर नगर थाने का घोषित बदमाश द्वारका में किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से आने वाला है। सुबह करीब पांच बजकर 20 मिनट पर पुलिस टीम ने द्वारका मोड़ के पास एक संदिग्ध स्विफ्ट कार को देखा। टीम ने कार की पीछा करना शुरू कर दिया। इस बीच बदमाश कार से बाहर निकलने में कामयाब हो गए और भागने लगे। बदमाशों को जब लगा कि वह पकड़े जाएंगे तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस बीच पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली प्रिंस के पैर में लगी। हालांकि, इस बीच मौका देख उसका दूसरा साथी प्रमोद फरार होने में कामयाब हो गया। इस दौरान कुल 13 राउंड फायर किये गये। इनमें पांच बदमाशों और आठ पुलिस की तरफ से गोली चलाई गई। आरोपी पैरोल जंपर है और उसके खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास के आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज थे। प्रिंस तेवतिया गिरोह का मुखिया है। इस गिरोह ने नंदू गैंग से भी हाथ मिलाया हुआ था। प्रिंस पर एक मॉडल के कत्ल का भी आरोप है। प्रिंस के खिलाफ अंबेडकर नगर, साकेत और मालवीय नगर थाने में कई मामले दर्ज हैं। आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता हैं।

#### अस्पताल में इलाज चल रहा

फिलहाल घायल प्रिंस का पश्चिमी दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरा एनकाउंटर रोहिणी इलाके में बुधवार देर रात हुआ। पुलिस ने राज कुमार उर्फ रावण को रोहिणी के सेक्टर-11 और 24 को जोड़ने वाले गंदे नाले के पास ट्रैप लगाया था। रात करीब 9:30 बजे स्कूटी सवार रावण को रुकने का इशारा किया पुलिस ने किया था। लेकिन आरोपी भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो आरोपी गोलियां चलाने लगा। इस दौरान एक गोली पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली रावण के पैर में लगी। बाद में पुलिस ने उसे दबोच अंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया।

#### दो बदमाशों से हुए 70 लाख बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस ने हौज खास के एक चोरी के केस को सुलझाते हुये ठक-ठक गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम मदनगीर निवासी अभिनव (22) व इंद्रपुरी निवासी संदीप (19) पता चले हैं। पुलिस ने इनके पास से 70 लाख रुपए नगदी, वारदात में इस्तेमाल बाइक, दो सोने की चेन और 87 नोट विदेशी करेंसी के बरामद किये हैं। इस केस में पीड़ति ने चोरी हुई रकम को कम बताया था जबकि असल में उसकी मोटी रकम चोरी हुई थी। पीड़ित ने ऐसा अपने एक दोस्त की सलाह पर किया था। डीसीपी साउथ अतुल कुमार ठाकुर ने बताया पेशे से प्रॉपर्टी डीलर व्यक्ति 16 अक्टूबर को पंचशील फ्लाईओवर से शाहपुर जट गांव की ओर जा रहा था। इस बीच बाइक सवार दो लोग आए, जिन्होंने ड्राइवर को बताया कि गाड़ी के अगले हिस्से से तेल निकल रहा है। इसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी किनारे खड़ी की और बाहर निकलकर तेल चैक करने लगा। इसी बीच बदमाश उनकी कार के अंदर रखे दो ब्रीफकेस लेकर फरार हो गए थे। किसी ने पीड़ित को इस बात की जानकारी दी लेकिन तब तक बदमाश काफी दूर निकल चुके थे। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हौजखास थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। चोरी हुए सामान के बारे में पीड़ति ने बताया एक ब्रीफकेस में दस्तावेज थे जबकि दूसरे में एक लाख कैश, दो लाख की जूलरी और 50 हजार की विदेशी करेंसी थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पीड़ति को उसके एक जानकार ने सलाह दी थी, जिस वजह से उसने पुलिस को ठीक जानकारी नहीं दी। स्पेशल स्टाफ इंस्पेक्टर प्रफूल्ल झा की टीम ने मौके के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की, जिसमें सिल्वर रंग की बुलेट नजर आई। करीब 50 बुलेट के नंबर खंगाले और टेक्नीकल सर्विलांस की मदद से अभिनव नाम के एक आरोपी की पहचान हुई। पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसकी निशानदेही पर दूसरा आरोपी संदीप एमबी रोड के एक अस्पताल के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके पास से 70 लाख रुपए बरामद किये हैं।

## करवा चौथ...



नई दिल्ली में गुरुवार को करवा चौथ पर महिलाओं ने चांद देखकर अपना व्रत खोला। फोटो : छत्र सिंह

## सड़कों के गड्ढे अगले 24 घंटे में भरेंगे: केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से प्रबंधन किए जाने वाले सड़कों में पाए गए गड्ढों को अगले 24 घंटे में भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायकों और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने हाल ही में 1,260 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया था और उसमें कुल 232 गड्ढे पाए। शुक्रवार तक इन सभी गड्ढों को भरा जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि नवंबर के अंत तक पुनर्निर्माण से जुड़े अन्य कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच के दौरान सड़कों पर कुल 283 क्षतिग्रस्त हिस्से भी पाए गए हैं जिनकी मरम्मत 31 अक्टूबर तक होगी। वहीं 272 बड़े हिस्सों पर नई परत 30 नवंबर तक बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य एजेंसियों द्वारा किए गए कार्य में सड़कों के 392 हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इन संबंधित एजेंसियों के साथ मुख्यमंत्री 24 अक्टूबर को बैठक करेंगे ताकि इस तरह के सड़कों का मरम्मत हो सके।

#### बसपा से भाजपा में गए नेता ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आने के कई महीनों बाद चौधरी सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) की सदस्यता ग्रहण कर ली। कुमार ने कहा कि दिल्ली में कथित रूप से रविदास मंदिर तोड़े जाने की घटना से व्यथित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता छोड़ने का निर्णय किया। कुमार ने कहा कि रविदास मंदिर तोड़े जाने से मेरी भावनाओं को ठेस पहुंची थी और आप द्वारा किए गए काम से मैं बहुत प्रभावित हूं चाहे वह शिक्षा हो या स्वास्थ्य का क्षेत्र।

कोर्ट के आदेश का स्वागत

### न्यूनतम मजदूरी पर जल्द अधिसूचना जारी करेगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में न्यूनतम मजदूरी के निर्धारण पर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अंतिम अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश दिल्ली सरकार द्वारा दायर एक अपील पर आया है, जिसमें उसने न्यूनतम मजदूरी अधिसूचना पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। जिसे दिल्ली सरकार ने 3 मार्च 2017 को जारी किया था। दिल्ली सरकार अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार न्यूनतम मजदूरी निर्धारण पर अंतिम अधिसूचना जारी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जिसके तहत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी 14,842 रुपये प्रति माह, अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए 16,341 रुपये प्रति माह और कुशल श्रमिकों के लिए 17,991 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के सभी निवासियों के लिए सम्मान और आराम का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किए बगैर दिल्ली चुनाव में उतरेगी भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली



महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त भाजपा ने अगले साल के दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति बदल ली है। पार्टी ने तय किया है कि वह दिल्ली में बिना मुख्यमंत्री पद का नाम घोषित किए ही चुनाव मैदान में जाएगी। उल्लेखनीय है कि 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा भारतीय पुलिस सेवा की पूर्व अधिकारी व मौजूदा पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी को अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करके चुनावी मैदान में उतरी थी। लेकिन आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल की सुनामी में न केवल खुद किरण बेदी चुनाव हार गईं बल्कि 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के भी महज तीन उम्मीदवार ही विधानसभा पहुंच पाए थे। लेकिन 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का दावा कर रही भाजपा इस बार अपनी रणनीति बदलती दिखाई पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार,दिल्ली के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शीर्ष नेतृत्व को सौपे अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मुख्यमंत्री पद के वैसे तो तीन प्रमुख दावेदार हैं,लेकिन अगर किसी का नाम इसके लिए चुनाव से पहले आगे कर दिया गया तो पार्टी खेमेबाजी का शिकार हो सकती है और इसका बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। लिहाजा बेहतर होगा कि 2015 की गलती न दोहराते हुए चुनाव बाद ही मुख्यमंत्री पद का फैसला किया जाय। पार्टी के आंतरिक सर्वे में भी यही बात कही गई है कि भाजपा के पास ऐसा कोई नाम फिलहाल नहीं है,जिसे अरविंद केजरीवाल के मुकाबले उतारा जा सके। लोकप्रियता के लिहाज से भी दिल्ली भाजपा के नेता केजरीवाल से पीछे हैं। माना जा रहा है कि पार्टी का शीर्ष चुनाव प्रभारी जावड़ेकर की रिपोर्ट से सहमत है और वह मुख्यमंत्री पद के लिए बिना किसी का नाम आगे किए चुनाव में जाने को रजामंद है। हालांकि इसका औपचारिक ऐलान 24 अक्टूबर के बाद हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम आने के बाद किया जाएगा।




पीठ ने पेश रिपोर्ट पर अपनाया कड़ा रुख

## यमुना के डूब क्षेत्र में रह रहे 120 पाक हिंदू परिवार, एनजीटी ने दिया कार्रवाई का आदेश

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली




राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुरुद्वारा मजनूं का टीला के दक्षिण में यमुना के डूब क्षेत्रों में बनी झुग्गियों और अर्ध-स्थायी संरचनाओं पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है। दरअसल कुछ साल पहले तीर्थयात्री वीजा पर 100 से अधिक पाकिस्तानी हिंदू परिवार राष्ट्रीय राजधानी में आए, लेकिन वापस जाने के बजाय उन्होंने गुरुद्वारा मजनूं का टीला के दक्षिण में यमुना के बाढ़ क्षेत्रों में बनी झुग्गियों और अर्ध-स्थायी संरचनाओं में रहना शुरू कर दिया। इनमें से कई के पास मजनूं का टीला के पते पर बने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते हैं। उनके बच्चों ने नजदीकी सरकारी स्कूलों में जाना भी शुरू कर दिया है। यह खुलासा याचिकाकर्ता जगदेव की याचिका पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष पेश रिपोर्ट में हुआ है। याचिका में गुरुद्वारे के दक्षिणी हिस्से से सटे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने और पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने रिपोर्ट पर कड़ा रुख अपनाते हुए पूछा कि प्राधिकारी कैसे यमुना डूब क्षेत्र में ऐसे अतिक्रमण की अनुमति दे सकते हैं? हालांकि यहां बिजली की मुहैया नहीं कराई गई है। साझा नलों के जरिये जल आपूर्ति की जा रही है। कुछ निवासियों ने फुटपाथ के पास छोटी दुकानें भी शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट में दी गई जानकारी दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के निरीक्षण के बाद रिपोर्ट पर आधारित है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव बंसल और अधिवक्ता कुश शर्मा इस मामले में डीडीए की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि स्थल के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि 2011 से 2014 तक तीर्थयात्रा वीजा पर भारत आए पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों के लगभग 700 लोग या 120 परिवार झुग्गी और अर्ध-स्थायी संरचनाओं में रह रहे हैं। उनके द्वारा कब्जा की हुई जमीन करीब 5000 वर्ग गज है। रिपोर्ट के अनुसार, वहां रह रहे लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने उन्हें जमीन पर कब्जा करने के लिये कहा लेकिन उनके पास से ऐसी कोई लिखित अनुमति नहीं मिली। उपरोक्त भूमि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले भूमि एवं विकास कार्यालय की है जिसे देखभाल और रखरखाव के लिए 7 जुलाई 1971 को डीडीए को हस्तांतरित किया गया था।

दिल्ली सरकार

# छोटे करेंगे काम बड़ा
# डेंगू को हराएंगे मिलकर साथ



यंग चैंपियन

प्यारे बच्चों,
आओ दिल्ली को डेंगू मुक्त बनायें।
इसके लिए बस आपको हर रविवार 10 मिनट होमवर्क करना है
और इस होमवर्क में आपको खुद देखना है
कि कहीं भी साफ पानी जमा ना हो।
अगर है तो उसे उडेल दें।
सिर्फ खुद को ही नहीं बल्कि अपनें परिवार,
अपने मम्मी पापा, सबको इस होमवर्क का पार्ट बनाना है।
आओ अपनी प्यारी दिल्ली को डेंगू से बचायें।

डेंगू पे वार हर रविवार

और हाँ, होमवर्क खत्म होने के बाद जो स्टीकर आपको स्कूल में मिल रहें हैं उसे घरों के बाहर लगाना मत भूलना।



**दिल्ली कर दिखाएगी**

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

# “एक महिला फ़रिश्ता बनकर मुझे हॉस्पिटल लाईं और दिल्ली सरकार ने मेरे इलाज का पूरा खर्चा उठाया”

– सुरेन्द्र बंसल
वेस्ट पटेल नगर




## दिल्ली सरकार रोड एक्सिडेंट पीड़ित के इलाज का सारा खर्च उठाती है

Dip/shabdarth/d/0188/19-20

**दिल्ली सरकार की फ़रिश्ते पहल के अन्तर्गत:**

- एक्सिडेंट होने पर आप पीड़ित को तुरंत सबसे नजदीकी हॉस्पिटल में पहुंचायें, चाहे वो कितना भी बड़ा या मंहगा हॉस्पिटल क्यूं न हो। जितनी जल्दी हॉस्पिटल पहुंचाया जायेगा, उसके बचने की संभावना उतनी ज्यादा होती है
- दिल्ली सरकार पीड़ित के इलाज का पूरा खर्च उठायेगी। हमारे लिए हर जान कीमती है
- इस पहल का लाभ दिल्ली शहर में होने वाले किसी भी एक्सिडेन्ट के पीड़ित को मिलेगा
- मदद करने वाले को पुरस्कृत कर फरिश्ते प्रमाण पत्र दिया जायेगा
- दिल्ली के किसी भी हॉस्पिटल में बिना किसी पूछताछ के एडमिट किया जायेगा

## “ दिल्ली के फ़रिश्तों को मेरा सलाम! ”

– अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली



दिल्ली सरकार

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## चिंतन

# 370 हटाने के विरोध का कारण तो पता लगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि जब भी इतिहास में अनुच्छेद 370 की चर्चा होगी, तब इसे हटाने का विरोध और मजाक बनाने वालों का नाम भी चर्चा में आएगा। याद करें वह दिन जब भरे सदन में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा था, आज का दिन भारतीय इतिहास का काला दिन है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक झटके में अनुच्छेद 370 के साथ 35ए को खत्म कर दिया। ऐसा करके लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया गया है। यह देश के साथ बहुत बड़ी गद्दारी है। एक तरफ जहां सरकार के इस फैसले के बाद देशवासी जश्न मना रहे थे, देशभर में मिठाइयां बांटी जा रही थीं, पूरा विश्व इस फैसले को लेकर भारत के साथ खड़ा था। वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी राजनीतिक दल सरकार के इस फैसले के खिलाफ जहर उगल रहे थे। इससे अजीब और क्या हो सकता था कि जब विश्व समुदाय जम्मू-कश्मीर पर भारत सरकार के फैसले का समर्थन कर रहा था तब कांग्रेस विरोध का राग अलाप रही थी और वह भी तब जब उसके अपने अनेक नेता इस मसले पर पार्टी की राय से असहमति जाहिर कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व महासचिव जनार्दन द्विवेदी, मिलिंद देवड़ा और विधायक अदिति सिंह ने इस फैसले का खुलकर समर्थन किया, लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने संसद ही नहीं सड़क पर भी 370 और 35ए हटाए जाने का विरोध जारी रखा। कांग्रेसी न केवल इसकी अनदेखी करती रही कि यह एक अस्थायी अनुच्छेद था, बल्कि पार्टी यह भी भूल गई कि खुद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि यह संवैधानिक व्यवस्था घिसते-घिसते एक दिन खत्म हो जाएगी। कांग्रेस को यह स्मरण होना चाहिए कि उसके कार्यकाल में अनुच्छेद 370 में कई संशोधन किए गए थे। अगर यह अस्थायी अनुच्छेद इतना ही महत्वपूर्ण और उपयोगी था तो फिर कांग्रेस ने सत्ता में रहते समय उसे स्थायी रूप क्यों नहीं दिया? यह हास्यास्पद है कि कांग्रेस एक ओर तो कश्मीर को भारत का अटूट अंग कह रही है और दूसरी ओर उस अनुच्छेद को हटाए जाने का विरोध भी करती रही, जो अलगाव और भेदभाव का जरिया बन गया था। इस अनुच्छेद के कारण ही घाटी तीन दशकों से लहूलुहान थी, युवा पीढ़ी में अलगाव के बीज बोए जा रहे थे। पड़ोसी उन्हें आजादी के नाम पर बहका रहा था। जब सरकार ने इसे खत्म करने का फैसला लिया तो कांग्रेस भड़क गई। पार्टी ने हर मौके पर इसका विरोध किया। लोकसभा में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने और जम्मू कश्मीर के पुनर्गठन विधेयक पर सरकार को विपक्ष से बीजद, टीआरएस, टीडीपी, एआईएडीएमके, वाईएसआर का समर्थन मिला। कांग्रेस के राज्यसभा के व्हिप भुभनेश्वर कलीटा द्वारा पार्टी के रुख के विरोध में इस्तीफा देने के बावजूद कांग्रेस विरोध पर अड़ी रही। अब जब धारा 370 और 35ए हटाए जाने का मुद्दा हरियाणा और महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले चुनाव को प्रभावित कर रहा है तो पूर्व प्रधानमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. मनमोहन सिंह कह रहे हैं कि आर्टिकल 370 एक अंशकालिक उपाय था। कांग्रेस इसे हटाए जाने के विरोध में नहीं थी, हमारा विरोध इसे हटाए जाने के ढंग को लेकर था। साफ है कि कांग्रेस केवल वोट के लिए इसका विरोध कर रही थी और अब वोटबैंक खिसकता देख रुख बदल रही है। साफ है कि पार्टी की नजर में वोटबैंक के आगे राष्ट्रहित गौण हो जाते हैं। देश पर 60 साल से अधिक शासन करने वाली पार्टी कांग्रेस अगर राष्ट्रहित की ऐसे ही अनदेखी करती रही तो इतिहास उसे कभी माफ नहीं करेगा।

## सारा संसार



पंश्चिम बंगाल में स्थित सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यहां तरह-तरह के पशु-पक्षी आपको देखने को मिल जाएंगे। वाइल्ड लाइफ का यहां बेहतरीन नजारा देखने को मिलता है। यह राजधानी कोलकाता से 110 किलोमीटर दूर है।)

## व्यंग्य

राजेश सेन

# गरीब की चिंता

दुनिया की गरीबी धन्य हुई कि उसकी खैरख्वाही को नोटिस किया गया। न सिर्फ नोटिस किया गया बल्कि बरस्ते अर्थशास्त्र उसे नोबेल-सम्मान से नवाज़ा भी गया। ग़रीबी का सफर ऐसी ही मजलूम विलासिताओं से कटता है। पहले तो उसे समझा जाता है। फिर पहचाना जाता है। तब फिर उसे सम्मानित किया जाता है। इतने धतकरम उठाने के बाद बेचारी गरीबी तो हीनता के भाव में आकंठ भर जाती है। वैसे बात सही भी है। जब-तक किसी दुरावस्था की सलीके से शिनाख्त नहीं की जाएगी, उसका इलाज कैसे हो सकेगा? इलाज के लिए बीमारी का सामने होना बेहद ज़रूरी है। और बीमारी को बीमारी कहलाने से पहले बीमारी साबित होना आवश्यक होगा। सो, भारतीय मूल के अर्थशास्त्री ने संज्ञान लेकर अपने किताबी-शोध में साबित किया कि गरीबी नामक बीमारी ऐसी दिखती है और वैसी होती है। उसका इलाज इस तरह नहीं बल्कि उस तरह से किया जा सकता है। अतः बीमारी के खोजक डॉक्टर का बीमारी से पहले मान-सम्मान तो बनता ही है। अब-जब बीमारी का खोजक डॉक्टर सम्मानित हो चुका है तो बीमारी भी आज नहीं तो कल अपने इलाज के माध्यम से सम्मानित होकर ही रहेगी। दरअसल, किसी भी बीमारी का अस्तित्व बीमार से होता है। अब अगर बीमार ही न रहे तो बीमारी किस बूते बीमारी कहलाने का रिस्क उठाए? ऐसे तो उसे अपने होने की दुरावस्था पर शर्मदारी भी उठानी पड़ सकती है। सो, सभ्य समाज में होता यह है कि सबसे पहले बीमारी ही तलाश ली जाती है। और फिर उस बीमारी के अनुरूप बीमार पात्रों को खोजकर उन्हें विक्टिम करार दिया जाता है। ताकि बीमारी और बीमार का साझा अस्तित्व एकरूपता में महिमामंडित हो सके। इस सनद के साथ कि गरीबी के साथ-साथ गरीबी की खैरख्वाही का दरियादिल मान-सम्मान भी अपने रुतबे की धज में बरकरार रह सके। नोबेल सम्मान हर बरस अर्थशास्त्र को भी बहुमान देता है। और अर्थशास्त्र गरीबी की गमगुसारी कर कभी-कभी उसके एवज में सम्मान अर्जित कर लेता है। अंततः सम्मान पाने वाला अपने निजी शास्त्र में अर्थ का चिंतन समृद्ध बनाकर दुनिया की गरीबी को धनवान बना देता है। ये सह-अस्तित्व के ऐसे उलझे सवाल हैं जिनमें गरीबी का चिंतन तो बेशक है, मगर गरीब का कहीं कोई नामो-निशान नहीं है। गरीब तो एक साधन भर है, जिसके माध्यम से सम्मानों के वैभव और सम्मानक विलासवान बने रहते हैं। इसी चकल्लस के दौरान कभी-कभी गरीबी का यतीम सवाल भी धनवान बन जाता है। नोबेल जैसे सम्मान अक्सर गरीब को नहीं बल्कि गरीबी की चिंताओं को दिए जाते हैं। ज़रूरी नहीं है कि इन चिंताओं के लोक-व्यवहार में गरीब का होना भी एक सहचर के रूप में विद्यमान हो। चिंताओं के चिंतनशील-कारोबारों से यदि गरीबी मिटाई जा सकती तो गरीब आदमी कब से खुद ही अपनी गरीबी मिटा भी चुका होता। क्योंकि अपनी गरीबी का एक गरीब से गहरा चिंतक कभी कोई हो ही नहीं सकता। शुभ-चिंताएं तो केवल सम्मानों की ध्वजाओं की धज में ही फबती हैं।



नोबेल विजेता

गौरीशंकर राजहंस

# गरीबी पर सार्थक शोध

> अभिजीत के शोध ने सारी दुनिया में तहलका मचा दिया और लोग अब यह मानने लगे कि केवल गरीब के बच्चे गरीब ही रहेंगे, यह जरूरी नहीं है। यदि गरीब के बच्चों को रहने का अच्छा वातावरण मिले, अच्छी शिक्षा मिले और अच्छा खानपान मिले तो वे किसी हालत में समर्थ बच्चों से कम नहीं होंगे, इसीलिए आवश्यकता इस बात की है कि गरीब बच्चों की गरीबी दूर की जाए। देखना यह है कि अभिजीत के इस सार्थक शोध का विभिन्न देश इसका किस तरह उपयोग करते हैं।

यह अत्यंत ही हर्ष की बात है कि भारतीय मूल के प्रख्यात अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी को इस बार अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। उनकी विदेशी मूल की पत्नी को भी अर्थशास्त्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ऐसी उम्मीद नहीं थी कि दोनों पति-पत्नी को एक साथ अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिले। अर्थशास्त् कठिन विषय है और उसमें यदि कोई नोबेल पुरस्कार प्राप्त कर लेता है तो यह सचमुच बड़े गौरव की बात है। अभिजीत बनर्जी का लालन-पालन और शिक्षा भारत में हुई। वे दिल्ली विश्वविद्यालय और बाद में दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़े। अभिजीत बनर्जी की पत्नी हिथरडूफो यद्यपि विदेशी मूल की हैं परन्तु हर तरह से अभिजीत के रंगरूप में ढल गई हैं। अधिकतर लोग उन्हें भारतीय मूल की महिला ही समझते हैं।

अभिजीत को यह उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी उन्हें नोबेल पुरस्कार मिल जाएगा। परन्तु अब सारी दुनिया में अभिजीत का नाम छा गया। अभिजीत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में जहां पढ़ाई की और छात्रों को पढ़ाया वहां उनके नोबेल पुरस्कार मिलने की खबर पाकर लोग खुशी से झूम उठे। अभिजीत और उनकी पत्नी के शोध का मुख्य विषय यह था कि प्रयास करने पर गरीबों की आर्थिक हालत भी सुधारी जा सकती है। अभिजीत और उनकी पत्नी ने अपने शोध के लिए लोगों के दो दल बनाए। एक को साधारण खाना पीना और कपड़ा दिया गया और दूसरे को अच्छे खाने और अच्छे वातावरण में रखा। दोनों गुटों के लोग गरीब थे। अपने शोध से अभिजीत ने यह साबित कर दिया कि यदि गरीब को अच्छा खाना और अच्छा वातावरण मिले तो उनकी हालत सुधर सकती है। पहले यह माना जाता था कि यदि गरीबों को अच्छे खाने के लिए पैसा दिया जाएगा तो वे उस पैसे को जुए या किसी अन्य बुराई में उड़ा देंगे। परन्तु सालों के शोध के बाद अभिजीत और उनकी पत्नी ने यह साबित कर दिया कि यदि गरीबों को अच्छा खाना, अच्छे कपड़े और रहने का अच्छा वातावरण मिले तो वे निश्चित रूप से समाज के लिए वरदान सिद्ध होंगे। इसके पहले किसी ने ऐसा शोध नहीं किया था। अभिजीत और उनकी पत्नी महीनों राजस्थान और दूसरे राज्यों के गरीब लोगों की झोपड़ियों में रहकर देखते थे कि अच्छे खाने और अच्छे रहन सहन से उनका जीवन स्तर कैसे बदल रहा है।

अभिजीत के शोध ने सारी दुनिया में तहलका मचा दिया और लोग अब यह मानने लगे कि केवल गरीब के बच्चे गरीब ही रहेंगे, यह जरूरी नहीं है। यदि गरीब के बच्चों को रहने का अच्छा वातावरण मिले, अच्छी शिक्षा मिले और अच्छा खानपान मिले तो वे किसी हालत में समर्थ बच्चों से कम नहीं होंगे। इसीलिये आवश्यकता इस बात की है कि गरीब बच्चों की गरीबी दूर की जाए। जब गरीबी दूर होगी तब स्वतः उनका जीवन स्तर उंचा हो जाएगा। गरीब लोगों और गरीब बच्चों के बारे में दूसरे अर्थशास्त्री अमृतसेन ने भी शोध किया था। परन्तु वे



मलीन और गंदी बस्तियों में नहीं गए। गरीब लोगों की झोपड़ियों में रहकर गरीब लोगों को नहीं देख सके। इसलिये उनके रिसर्च का उतना महत्व नहीं है जितना अभिजीत बनर्जी के रिसर्च का है।

अभिजीत के रिसर्च ने एक तरह से सारी दुनिया में तहलका मचा दिया है। लोग यह मानने लगे हैं कि कोई जन्म से ही गरीब और अमीर नहीं होता है। परिस्थितियों उन्हें गरीब रहने के लिए मजबूर करती हैं। अतः यदि ईमानदारी से इन गरीब बच्चों के जीवन स्तर को उठाने का प्रयास किया जाए तो इसका लाभ निश्चित रूप से पूरे समाज को मिलेगा। अभिजीत के रिसर्च के बाद सारी दुनिया के लोग यह महसूस करने लगे हैं कि असली रिसर्च वही है जहां रिसर्च करने वाला झुग्गी झोपड़ियों और मलीन बस्तियों में महीने रहकर गरीबों के जीवन स्तर को देखे। आज की तारीख में गरीबों के बारे में सोचने वाले बहुत कम हैं। परन्तु अभिजीत के रिसर्च के बाद हर देश की सरकार यह प्रयास करेगी कि गरीबों का जीवन स्तर उंचा किया जाए। उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाए और उनके भोजन में पोषक तत्व अधिक हों।

अभिजीत के रिसर्च ने यह भी साबित कर दिया है कि गरीबों का धन बिचैलिये मार जाते हैं। अतः यदि समाज सजग रहे तो ये बिचैलिये गरीबों का हक, भोजन और दवा आदि नहीं मार सकेंगे। कहना नहीं होगा कि अभिजीत ने आर्थिक रिसर्च के मामले में एक महत्वूपर्ण शोध किया है और अब हर विकासशील देश यही प्रयास करेगा कि उसके गरीब बच्चों को पोष्टिक भोजन मिले। वे अच्छे साफ सूथरे कपड़े पहने तथा अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिले। पहले ये बातें मौखिक होती थी परन्तु अब अभिजीत और उनकी पत्नी ने यह साबित कर दिया कि गरीबों के जीवन स्तर को उठाने के लिए सच्चाई कुछ ओर ही है। उनके जीवन स्तर को उठाने में दूसरे लोगों और गैर सरकारी संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। जब गरीबों के जीवन स्तर में सुधार होगा तब बच्चे बड़े होकर समाज के लिये वरदान साबित होंगे। संक्षेप में, अभिजीत के शोध का अधिक से अधिक गरीब तथा विकासशील देश लाभ उठाएंगे। सारी दुनिया टकटकी लगाकर देख रही है कि अभिजीत के शोध का समाज पर क्या असर पड़ता है और विभिन्न देश इसका किस तरह उपयोग करते हैं।

# चित्त शक्ति है मूल सत्ता



संकलित

दर्शन

परम लक्ष्य को प्राप्त करने की यात्रा में भौतिकता का महत्वपूर्ण स्थान है। उसके बिना आगे के सोपानों को तय कर पाना संभव नहीं। लेकिन वास्तव में मनुष्य का अस्तित्व स्थूल, सूक्ष्म और आत्मिक का सुंदर समन्वय है। केवल एक से काम नहीं चलेगा। तीनों को साधना होगा। विश्व ब्रह्माण्ड में मूल सत्ता एक ही है- वह है चित्तिशक्ति। यह चैतन्य भी है और शक्ति भी। दोनों ही काम इसके हैं। इसलिए इसे चित्त शक्ति भी कहते हैं। वस्तु नहीं है, लेकिन वस्तु को जो रूप प्रदान करती है, वह है शक्ति अथवा प्रकृति। यही वस्तु में रूप प्रदान कर प्रकार भेद उत्पन्न करती है। प्रकृति जहां पुरुष को बांध लेती है, वहां सृष्टि शुरू हो जाती है। यह बन्धनी शक्ति जहां अत्यधिक घनीभूत हो जाती है तो उसको स्थूल कहते हैं। वह जहां न्यून हो जाती है तो उसको सूक्ष्म कहा जाता है और जहां उसका बन्धन बिल्कुल नहीं है, उस अवस्था में उसको निर्गुण कहा जाता है। इसलिए मनुष्य का ध्येय एक ही है, और वह है निर्गुण ब्रह्म। ध्येय का सूक्ष्म होना अनिवार्य है, क्योंकि ध्येय के अनुरूप ही मन का परिवर्तन होगा। अन्ततोगत्वा, मन ध्येय में लय हो जाएगा। ऐसा होने पर ही अध्यात्मिक उन्नति होना संभव है। आध्यात्मिक विकास के लिए ध्येय का मन में लय होना जरूरी है। इस जड़ जगत में मन लगाना और ईश्वर तत्व के प्रति खुद को उदासीन रखना अवनति का मार्ग है। इसलिए सभी इंसान को अपने आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

# जड़ और चेतन दोनों का महत्व



संकलित

प्रेरणा

जहां बन्धन नहीं है, उसे आत्मन कहते हैं। अतः अध्यात्मवादी उसे कहेंगे, जिसका ध्येय बन्धनमुक्त होता है। जब ध्येय बन्धनयुक्त है तो उस ओर दौड़ने वालों को जड़वादी कहेंगे। ये हमेशा स्थूल की चिन्ता करते हैं तथा उस ओर ही अग्रसर होते हैं। मनुष्य स्वभावतः अपना व्याप्तीकरण चाहता है। उसकी चाह उसे हमेशा बनी रहती है। जिस वस्तु की प्राप्ति से मन को सुख मिलता है, उसकी लालसा उसे रहती है। अतः मनुष्य भौतिक सम्पदाओं को संचय करने में दिन-रात रत रहते हैं। वस्तु की तीन अवस्थाएं होती हैं- स्थूल, सूक्ष्म और अध्यात्म। तीनों का अपने-अपने क्षेत्र में समान महत्व है। शरीर की पूर्ति हेतु जड़ या स्थूल की साधना करनी ही पड़ेगी। खाद्य-संग्रह के बिना शरीर ठीक नहीं रह सकता। मन की प्यास की पूर्ति के लिए सूक्ष्म की उपासना करनी होगी। मानसिक विकास के बिना यह सम्भव नहीं। साथ ही आत्मन की पूर्ति के लिए आध्यात्मिक अनिवार्य है। एक के विकास से दूसरे की भूख मिट नहीं सकती, इसलिए सभी क्षेत्रों में अलग-अलग साधना की जरूरत होती है। पुरुष का जो जड़ विकार है, उसकी उपासना नहीं करनी चाहिए, बल्कि निर्गुण की ही उपासना करनी चाहिए- ऐसा कुछ अध्यात्मवादियों का मत है। उनके अनुसार स्थूल तथा सूक्ष्म की साधना का कोई स्थान ही नहीं है, परन्तु ऐसा करना युक्तिसंगत नहीं है। अगर जड़ की साधना न की जाए तो खाद्य उपलब्ध नहीं हो सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### त्यौहार का महत्व

हमारे देश में अनेक त्यौहार मनाए जाते हैं। हर धर्म के त्योहार प्यार, इनसानियत से जीने का संदेश देते हैं। असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देने वाला दशहरे का त्यौहार मनाया गया अब दीपावली आने को है। पांच अलग-अलग दिन का इसमें विशेष महत्व रहता है। त्यौहारों के इन संदेशों को हमें आत्मसात करना चाहिए। लेकिन धर्म, त्यौहार के संदेशों को लेकर आज नई पीढ़ी के भीतर एक तरह का उपेक्षाभाव घर कर गया है। वे इसे अंधविश्वास व रूढ़ीवादी विचार समझने लगे हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जैसे, भगवान श्रीकृष्ण ने जो गीता में संदेश दिए थे, अगर हर इनसान उनका अनुसरण करे और उस रास्ते पर चले, तो इनसान न खुद कभी दुखी हो सकता है और न ही अपने गलत कर्मों से दूसरों को दुखी कर सकता है। गीता का ज्ञान हर युग में प्रासंगिक है। *-अंशुल जगताप*

## करंट अफेयर

# वैश्विक नेताओं के एकाउंट नियमों से परे नहीं : ट्विटर



ट्विटर ने कहा है कि विश्व के नेताओं को इसके उन प्रतिबंधों से पूरी तरह छूट नहीं है, जिसमें उपयोगकर्ता हिंसा की धमकी देते हैं या वेबसाइट पर आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। सैन फ्रांसिस्को की कंपनी ने अपने नियमों को स्पष्ट किया क्योंकि कुछ डेमोक्रेट सांसदों का कहना है कि वे चाहते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ट्विटर से हटाया जाए। ट्रम्प इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बेरोकटोक संवाद के लिए करते हैं। ट्विटर का कहना है कि वह किसी भी उपयोगकर्ता के खिलाफ अपनी नीतियों को लागू करेगा जब बाल यौन उत्पीड़न, किसी व्यक्ति को हिंसा की सीधी धमकी देना या किसी की निजी सूचना को पोस्ट करना जैसे मामले सामने आते हैं। इससे प्रतीत होता है कि ट्रम्प के अकाउंट को फिलहाल कोई खतरा नहीं है। इस हफ्ते एक ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से ट्विटर ने ट्वीट को लेकर अपनी नीतियों के विस्तार की घोषणा की। ट्विटर ने जून में कहा था कि इसके नियमों का उल्लंघन करने वाले वैश्विक नेताओं के ट्वीट अगर जनहित मूल्यों वाले हैं तो उन्हें चेतावनी दी जाएगी। ट्विटर ने मंगलवार को कहा कि वह किसी भी अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करेगा चाहे विश्व का कोई नेता हो या कोई और जो किसी व्यक्ति के खिलाफ स्पष्ट और सीधी धमकी देता है और यह संदर्भ पर भी निर्भर करेगा।

## ऑफ बीट

# श्राप के चलते महिलाएं नहीं रखतीं करवाचौथ का व्रत



करवा चौथ के अवसर पर जहां सभी विवाहित महिलाएं पूरे दिन व्रत रहकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं, वहीं मथुरा के विजौ गांव की महिलाएं इस दिन व्रत रखने से परहेज करती हैं ताकि उनके पतियों की जान खतरे में न पड़ जाए। बताते हैं, पिछले दो सौ सालों से यह गांव एक श्राप के घेरे में है और इसके चलते अगर करवा चौथ के मौके पर कोई औरत व्रत रहती है तो उसके पति की जान चली जाती है। यह एक ब्राह्मण महिला का श्राप है जिसे करवा चौथ के ही दिन गांव वालों ने पीट-पीटकर मौत के हवाले कर दिया था। यहां के लोगों का ऐसा मानना है कि एक नवविवाहित ब्राह्मण जोड़ा करवा चौथ के दिन विजौ गांव से गुजर रहा था। कुछ स्थानीय लोगों ने उस ब्राह्मण पर उनकी बैलों को चुराने का आरोप लगाया और उसकी पत्नी के सामने ही उसे बुरी तरह से पीटकर मार डाला। उस ब्राह्मण पत्नी ने तब गांव की औरतों को श्राप दिया था कि अब करवा चौथ उनके पतियों की मौत का सबब बनेगी। इसके बाद वह औरत अपने पति की ही चिता पर कूदकर सती हो गई। गांव के भूषण लाल अवस्थी ने बताया कि एक बार, जब कुछ औरतों ने इस प्रथा को तोड़ते हुए करवा चौथ के दिन व्रत रखा, उनके पतियों की मौत रहस्यमयी ढंग से हो गई थी।

## ट्रेंड

### इतिहास में दर्ज होगा विरोध



इतिहास में जब भी 370 की चर्चा होगी, तो विपक्षियों के बयान का जिक्र भी होगा। विपक्षियों ने इसे भारतीय राजनीति का काला दिन बताया, इसे लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। पार्टी के जन्म से हम 370 का विरोध करते आ रहे हैं। -नरेंद्र मोदी

### रेलवे का निजीकरण नहीं



सरकार रेलवे को प्राइवेटाइजेशन करने नहीं जा रही है। हमारा लक्ष्य रेलवे में बड़ी मात्रा में निवेश करना है, इसके लिए हम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर विचार कर रहे हैं, साथ ही हम विश्व की आधुनिकतम तकनीक को रेलवे से जोड़ेंगे। -पीयूष गोयल

### अहसास नहीं था



शुरुआती वर्षों में जब विज्ञापन जगत के गुरुओं को सम्मानित करने के लिए एक अवार्ड फंक्शन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। तब इस बात का अहसास नहीं था कि मैं एक दिन मैं आपके अधीन काम करूंगा। -अमिताभ बच्चन

### मैरीकॉम का सम्मान



मेरे मन में बॉक्सर मैरीकॉम के लिए बहुत सम्मान है। वो एक एथलीट जीवन प्रमाण की पेशकश है। वो सबूत हैं कि हम कल की तरह अच्छे हो सकते हैं, कल से बेहतर। कल के आदमी/औरत से बेहतर। खेल में, कल कभी नहीं गिना जाता है। -अभिनव बिंद्रा

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मेक्सिको ने 311 भारतीयों को स्वदेश भेजा

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका से बढ़ते दबाव के बाद अपनी सीमा में अवैध रूप से घुसने वाले लोगों पर लगाम लगाने के प्रयास के तहत मेक्सिको के आव्रजन अधिकारियों ने पहली बार देश के विभिन्न हिस्सों से 311 भारतीयों को स्वदेश भेजा है। इनमें एक महिला भी शामिल है। मेक्सिको के नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट (आईएनएम) की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जो भारतीय नागरिक देश में नियमित रूप से ठहरने की शर्त को पूरा नहीं कर रहे थे उन्हें टोलुबा सिटी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बोइंग 747 से नयी दिल्ली भेज दिया गया।

### राष्ट्रपति कोविंद फिलीपीन जापान की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद फिलीपीन की राजकीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को रवाना हो गए जहां से वह जापान जायेंगे और वहां के नरेश नारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के ट्वीट में कहा गया है कि वह फिलीपीन की राजकीय यात्रा पर रवाना हो गए। पिछले 13 वर्षों में भारत के राष्ट्रपति की यह पहली फिलीपीन यात्रा है। इसमें कहा गया है कि इसके बाद राष्ट्रपति जापान जायेंगे और वहां के नरेश नारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 17 से 23 अक्टूबर तक फिलीपीन और जापान की यात्रा पर जा रहे हैं।

### भारत में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर आई नई किताब

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के संकटों से निपटने के लिए अनुसंधानकर्ताओं, कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं की आवाज को एक जगह समाहित करके इस विषय पर एक नई किताब आ रही है। इस किताब का नाम 'इंडिया इन वार्मिंग वर्ल्ड इंटिग्रेटिंग क्लाइमेट चेंज एंड डेवलपमेंट' है और इसका संपादन नवरोज के दुबाश ने किया है। इस किताब में वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवतर्न की चर्चा है। इसमें यह कहा गया है कि दूसरे देशों की तरह भारत भी इस संकट को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस किताब का लक्ष्य कई तरह की उन आवाजों को एक साथ लाना है जो जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटना चाहते हैं।

## अयोध्या में फैसले से पहले अपने-अपने दावे

# विहिप बोला- पक्ष में फैसला तो 6 महीने में बनेगा राममंदिर, निर्मोही अखाड़े ने कहा- मॉडल तैयार

एजेंसी ⏭ अयोध्या

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद की सुनवाई पूरी हो गई। उम्मीद जताई जा रही है कि इस मामले पर एक महीने के अंदर फैसला आ सकता है, हालांकि अदालत की ओर से फैसले की कोई तारीख निश्चित नहीं की गई है। इसके पीछे कई तर्क दिए जा रहे हैं। दोनों पक्षों के वकील दावा कर रहे हैं कि फैसला उनके पक्ष में आने जा रहा है। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि पक्ष में फैसला आया तो हमारे पास तराशी हुई इतनी शिलाएं हैं कि हम 6 महीने में राम मंदिर का ढांचा खड़ा कर देंगे। 1990 में अयोध्या में कार्यशाला बनाई गई थी, जहां उच्चकोटि के कारीगरों द्वारा तराशे पत्थर रखे हुए हैं। इधर, निर्मोही अखाड़े के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि हमारे लिए मंदिर वहीं था। मंदिर बनाने में निर्मोही अखाड़ा सक्षम है। विहिप अगर निर्मोही अखाड़े को मानने के लिए तैयार है, तो हम भी तैयार हैं। वे तैयार नहीं हैं, तो हम भी तैयार नहीं हैं। मंदिर बनाने की तैयारी पर दास ने कहा कि गोवर्धन, वृंदावन, चित्रकूट, राजस्थान और उज्जैन में बैठे हमारे पंच तैयार हैं। मंदिर का मॉडल भी तैयार कर रखा है। डिजाइन भी फाइनल है। बस सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार है।



### मुस्लिम पक्षकारों के वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए हिन्दू पक्ष पहुंचा बीसीआई

अयोध्या मामले में मुस्लिम पक्षकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक हिन्दू पक्षकार ने बार काउन्सिल आफ इंडिया में शिकायत की है। उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में अंतिम दिन की सुनवाई के दौरान राजीव धवन ने बुधवार को कथित रूप से भगवान राम के जन्म स्थल को दर्शाने वाले एक नक्शे को फाड़ दिया था। अखिल भारत हिन्दू महासभा के एक घटक ने धवन की इस कार्रवाई की निन्दा करते हुए बार काउन्सिल आफ इंडिया को पत्र लिखा है। पत्र में धवन के इस कदम को 'अत्यधिक अनैतिक कृत्य' बताया गया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष अखिल भारत हिन्दू महासभा के एक घटक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इस मामले की सुनवाई के अंतिम दिन यह नक्शा दिखाया था। राजीव धवन ने इस पर आपत्ति की थी। विकास सिंह द्वारा स्थलाकृति मानचित्र (पिक्टोरियल मैप) दिये जाने पर धवन ने न्यायालय कक्ष में ही उसे फाड़कर सनसनी पैदा कर दी थी।

### अयोध्या के बाद काशी-मथुरा के मंदिरों को मुक्त कराएगा एबीएपी

संतों के शीर्ष निकाय अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) ने घोषणा की है कि अयोध्या मुद्दे का समाधान होने के बाद काशी और मथुरा के मंदिरों की मुक्ति के लिए अभियान तेज किया जाएगा। एबीएपी के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने गुरुवार को कहा कि मस्जिदों के निमार्ण के लिए काशी और मथुरा में मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया। हम इस मुद्दे को उठाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इन स्थानों पर भव्य मंदिर बनाए जाएं। केंद्र और राज्य में हिंदू सरकारें हैं और इसके लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता है। महंत ने कहा कि काशी और मथुरा को मुक्त करने की मांग काफी समय से की जा रही है।

### कर्नाटक मंत्री बोले- अयोध्या स्थल राम मंदिर था, इसे साबित करने के लिए सबूत की जरूरत नहीं

**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पर्यटन मंत्री सी टी रवि ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या में विवादित स्थल को 'राम जन्मभूमि' साबित करने के लिए किसी 'सबूत' की जरूरत नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि उच्चतम न्यायालय से न्याय मिलेगा। रवि ने एक सवाल के जवाब में बताया कि पूरा देश फैसले की प्रतीक्षा कर रहा है। मैं भी इसकी प्रतीक्षा कर रहा हूं। हमारा विश्वास है कि (विवादित स्थल) राम जन्मभूमि है और इसके लिए किसी भी तरह के सबूत की जरूरत नहीं है। रवि ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हजारों वर्ष से हम इसी विश्वास के साथ जी रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि न्याय जरूर मिलेगा।

## सऊदी अरब में बस हादसा, 35 विदेशियों की मौत

एजेंसी ⏭ रियाद

मदीना शहर में एक बस और एक भारी वाहन की टक्कर हो जाने से 35 विदेशियों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। सऊदी के सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मदीना के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सऊदी अरब के इस पश्चिमी शहर में बुधवार को यह हादसा हुआ। इसमें एक निजी चार्टर्ड बस और एक लोडर की टक्कर हो गई। हादसे के शिकार लोग अरब और एशियाई तीर्थयात्री थे। घायलों को अल हमना अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तेल पर आर्थिक निर्भरता को कम करने के प्रयास में सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन क्षेत्र को सालभर जारी रखना चाहता है।

### पीएम मोदी ने शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब में एक बस दुर्घटना में 35 लोगों की मौत पर बृहस्पतिवार को शोक जताया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि सऊदी अरब में मक्का के पास बस दुर्घटना की खबर से दुखी हूं। हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों की जल्द सलामती की दुआ करता हूं।

### दुर्घटना में प्रभावित भारतीयों का ब्यौरा जुटा रहा है विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने सऊदी अरब में बस दुर्घटना में प्रभावित भारतीयों का ब्यौरा जुटाने के लिये जेद्दा स्थित मिशन को कहा है। इस दुर्घटना में अरब और एशियाई सहित 35 लोग मारे गए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दुर्घटना में पीड़ित लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

## पीएमसी बैंक घोटाला

# पूर्व निदेशक को 22 तक पुलिस रिमांड पर भेजा

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुंबई की एक अदालत ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को- आपरेटिव (पीएमसी) बैंक घोटाले में बैंक के पूर्व निदेशक सुरजीत सिंह अरोड़ा को 22 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अरोड़ा को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गिरफ्तार किया था। इस घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध शाखा ने कहा कि अरोड़ा ने अपने आधिकारिक पद का 'दुरुपयोग' करते हुए इस घोटाले में सहयोग किया। अदालत ने बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक जॉय थॉमस को भी बृहस्पतिवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अरोड़ा को आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। पीएमसी बैंक के 4,355 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में अरोड़ा को जांच एजेंसी ने तलब किया था। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अरोड़ा को बृहस्पतिवार को मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस जी शेख की अदालत में पेश किया गया।

## केरल में निजी स्कूलों की महिला शिक्षकों को मिलेगा मातृत्व अवकाश

**तिरुवंतपुरम।** केरल में निजी शिक्षण संस्थानों के हजारों कर्मचारियों और महिला शिक्षकों को मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत अवकाश दिया जाएगा। इस कानून के लागू होते ही केरल देश का पहला राज्य बन जाएगा जहां निजी शिक्षण संस्थानों में महिलाओं को मातृत्व अवकाश मिलेगा। केंद्र ने राज्य के निजी शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों के लिए इस अधिनियम के लाभों को विस्तारित करने के लिए अधिसूचना जारी करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। केरल राज्य मंत्रिमंडल ने 29 अगस्त की बैठक में निजी शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को यह लाभ देने की अधिसूचना जारी करने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेने का फैसला किया था।

- केंद्र ने अधिसूचना जारी करने के अनुरोध को दी मंजूरी

इस अधिनियम के तहत राज्य में निजी शिक्षा क्षेत्र के हजारों कर्मचारी भी सरकारी कर्मचारियों की तरह वेतन के साथ 26 सप्ताह के मातृत्व अवकाश का लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

## जॉनसन-जुंके का ऐलान ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने गुरुवार को कहा कि ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से पहले ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के वार्ताकारों के बीच ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति बन गई है। ईयू आयोग के अध्यक्ष ज्यां क्लोद जुंके ने भी करार पर सहमति बनने की पुष्टि करते हुए कहा कि अब इसे यूरोपीय नेताओं के समक्ष चर्चा के लिए रखा जाएगा। ईयू सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले जॉनसन ने ट्वीट किया कि हम एक बेहतरीन करार पर सहमति बनाने में सफल हुए हैं। जुंके ने ट्वीट किया कि जहां चाह वहां करार और हमारे पास एक करार है।

# भारतीय राजदूत ने कश्मीर के हालात पर यूएस सांसदों को दी जानकारी

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के बाद राज्य के हालात और वहां शांति बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। शीर्ष भारतीय राजनयिक ने पहली बार विदेश मामलों की संसदीय समिति के सदस्यों को कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी दी, क्योंकि कई सांसदों ने कश्मीर में लगे प्रतिबंधों को लेकर असंतोष जताया है। गौरतलब है कि कश्मीर से कई प्रतिबंधों को हटा लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने कहा था कि 16 अगस्त से ही प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है और सितंबर के पहले हफ्ते तक ज्यादातर प्रतिबंधों को हटा दिया गया। इस दिशा में प्रमुख कदम के तौर पर 14 अक्टूबर को सभी नेटवर्क की पोस्ट-पेड मोबाइल फोन सेवाओं को बहाल कर दिया गया। कई कांग्रेस सदस्य जो समिति के सदस्य नहीं है, वे भी राजदूत की ब्रीफिंग में शामिल हुए और अधिकतर सांसद विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के थे। ब्रीफिंग में कांग्रेस सदस्य अमी बेरा एकमात्र भारतीय-अमेरिकी सांसद थे। श्रृंगला और यहां स्थित भारतीय दूतावास तथा न्यूयॉर्क, शिकागो, अटलांटा, ह्यूस्टन और सैन फ्रांसिस्को में स्थित वाणिज्य दूतावासों के विभिन्न राजनयिकों ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद सैकड़ों अमेरिकी सांसदों और उनके सहयोगियों से संपर्क कर अपनी बात रखी है।

### श्रीनगर में दुकानें खुलीं, निजी वाहन सड़कों पर दौड़ते दिखे

जम्मू-कश्मीर में हालात धीरे-धीरे पटरी पर लौटते नजर आ रहे हैं और गुरुवार सुबह लाल चौक समेत कई वाणिज्यिक इलाकों में कुछ घंटों के लिये दुकानें खुलीं लेकिन मुख्य बाजार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुछ विक्रेताओं ने टीआरसी चौक-पोलो व्यू रोड पर दुकानें लगायीं थीं। अधिकारियों ने बताया कि शहर और कश्मीर के अन्य हिस्सों में निजी परिवहन बिना किसी बाधा के चलते दिखे।

## स्वागत...



मुंबई के राजभवन में गुरुवार को नीदरलैंड के राजा विलेम एलेग्जेंडर और रानी मैक्सिमा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी।

## एक अध्ययन रिपोर्ट में सामने आया तथ्य

# हर 10वीं महिला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकार

**नई दिल्ली।** देश में कार्यस्थलों पर हर 10वीं महिला को किसी न किसी तरह से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है और ऐसी शिकायतें करने वाली ज्यादातर महिलाओं के कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समिति भी नहीं थी। राष्ट्रीय महिला आयोग और 'दृष्टि स्त्री अध्ययन प्रबोधन केंद्र' की ओर से जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। गत दो वर्षों के दौरान हुए अध्ययन में देश के 64 फीसदी जिलों में 74,095 महिलाओं से बात की गई। इस अध्ययन के तहत सरकारी पहचान पत्र एवं बैंकिंग सुविधा,



शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार, नीति निर्धारण व्यवस्था और कई अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति के बारे में तथ्य एकत्र किए गए। इस अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि हर 10वीं महिला को अपने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा और ज्यादातर महिलाओं के कार्य स्थलों पर इसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई आंतरिक शिकायत समिति भी नहीं थी।

## ट्रंप का अकांउट बंद करने की मांग का ट्विटर ने दिया जवाब

# वैश्विक नेताओं के अकाउंट नियमों से पूरी तरह ऊपर नहीं

एजेंसी ⏭ सैन फ्रांसिस्को




ट्विटर ने कहा है कि विश्व के नेताओं को इसके उन प्रतिबंधों से पूरी तरह छूट नहीं है, जिसमें उपयोगकर्ता हिंसा की धमकी देते हैं या वेबसाइट पर आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। सैन फ्रांसिस्को की कंपनी ने अपने नियमों को स्पष्ट किया क्योंकि कुछ डेमोक्रेट सांसदों का कहना है कि वे चाहते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ट्विटर से हटाया जाए। ट्रम्प इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बेरोकटोक संवाद के लिए करते हैं। ट्विटर का कहना है कि वह किसी भी उपयोगकर्ता के खिलाफ अपनी नीतियों को लागू करेगा जब बाल यौन उत्पीड़न, किसी व्यक्ति को हिंसा की सीधी धमकी देना या किसी की निजी सूचना को पोस्ट करना जैसे मामले सामने आते हैं। इससे प्रतीत होता है कि ट्रम्प के अकाउंट को फिलहाल कोई खतरा नहीं है। इस हफ्ते एक ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से ट्विटर ने ट्वीट को लेकर अपनी नीतियों के विस्तार की घोषणा की। ट्विटर ने जून में कहा था कि इसके नियमों का

- एक ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से ट्विटर ने ट्वीट को लेकर अपनी नीतियों के विस्तार की घोषणा की

उल्लंघन करने वाले वैश्विक नेताओं के ट्वीट अगर जनहित मूल्यों वाले हैं तो उन्हें चेतावनी दी जाएगी। ट्विटर ने मंगलवार को कहा कि वह किसी भी अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करेगा चाहे विश्व का कोई नेता हो या कोई और जो किसी व्यक्ति के खिलाफ स्पष्ट और सीधी धमकी देता है और यह संदर्भ पर भी निर्भर करेगा। ट्विटर ने कहा कि संदर्भ क्या है? दुनिया का कोई नेता अगर सीधे किसी हस्ती से संवाद करता है या राजनीतिक एवं विदेश नीति के मुद्दों पर टिप्पणी करता है उस पर 'कार्रवाई होने की संभावना नहीं है। ब्लॉग पोस्ट में कहा गया है कि आर्थिक या सैन्य मुद्दों से जुड़ी विदेश नीति सामान्य तौर पर ट्विटर नियमों का उल्लंघन नहीं है। उदाहरण के तौर पर ट्रम्प ने ट्विटर पर ईरान को धमकी दी जिसके बाद उनके आलोचकों ने उनका अकाउंट हटाने की अपील की। लेकिन ट्विटर की नीति के आधार पर यह उल्लंघन नहीं है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109